भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 329

3 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्वेदिक औषधियों का आधुनिक वैज्ञानिक परीक्षण

329. डॉ. नीरज डांगी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आयुर्वेदिक दवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन हेतु कौन-कौन से अनुसंधान संस्थान कार्य कर रहे हैं;
(ख) क्या आयुर्वेदिक औषधियों का आधुनिक वैज्ञानिक परीक्षण सीमित स्तर पर किया जा रहा है, यदि हां, तो ऐसे परीक्षण को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(ग) क्या सरकार ने आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणालियों के अध्ययन के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों या अनुसंधान संस्थानों के साथ कोई समझौता किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने आयुर्वेदीय विज्ञान में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान को प्रारंभ करने, समन्वय करने, निरुपण करने, विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक स्वायत्त संगठन नामत: केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) की स्थापना की है। पूरे भारत में स्थित परिषद के 30 केंद्रों/इकाइयों के माध्यम से और विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अध्ययनों के माध्यम से अनुसंधान गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। सीसीआरएएस संस्थान/केंद्रों की सूची **संलग्नक-I** पर दी गई है।

इसके अलावा, देश में आयुर्वेदिक दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव का आकलन करने के लिए अन्य राष्ट्रीय संस्थान (राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, जामनगर, पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान, शिलांग और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान) भी वैज्ञानिक अध्ययन में लगे हुए हैं।

(ख): केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने भारत भर के शैक्षणिक, चिकित्सा और अनुसंधान संस्थानों के साथ अंर्तवर्ती और सहयोगात्मक प्रणाली की सहायता से नैदानिक अनुसंधान के माध्यम से वैज्ञानिक साक्ष्य निर्मित कर रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समकालीन नैदानिक अनुसंधान पद्धतियों का उपयोग करके आयुर्वेदिक उपचारों की सुरक्षा और प्रभावकारिता दोनों को मान्यता करना है। सभी अनुसंधान गतिविधियां लागू राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की जाती हैं, जिसमें अन्य प्रासंगिक नियामक और नैतिक आवश्यकतों सहित मानव प्रतिभागियों को शामिल करने वाले बायोमेडिकल और अनुसंधान के लिए आईसीएमआर राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देश और आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी के लिए उत्तम नैदानिक अभ्यास (जीसीपी) दिशानिर्देश (एएसयू-जीसीपी), शामिल हैं।
अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली ने आयुर्वेद में साक्ष्य-आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक परिष्कृत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित किया है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर, औषधि खोज एवं विकास इकाई (डीडीडीयू), उन्नत मानव शरीर क्रिया विज्ञान प्रयोगशाला (एएचपीएल) और केंद्रीय प्रयोगशाला के माध्यम से साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद को सुदृढ़ करने के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाओं और नैदानिक अध्ययनों का विस्तार कर रहा है।

आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित, आयुर्वेद में शिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), सभी नैदानिक अध्ययनों को आधुनिक उपकरणों और मापदंडों का उपयोग करते हुए आयोजित कर रहा है। आईटीआरए में सुसज्जित एनएबीएल मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोगशालाएं (हेमेटोलॉजिकल, बायोकेमिकल और माइक्रोबायोलॉजिकल लैब), फार्माकोलॉजिकल अध्ययन के लिए पूरी तरह से सुसज्जित पशु घर और जीएमपी-प्रमाणित इन-हाउस फार्मेसी है।

(ग): सीसीआरएएस, एनआईए, एआईए और आईटीआरए द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों के अध्ययन के लिए विभिन्न देशों और विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों/संगठनों के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू)/समझौतों का विवरण क्रमशः **संलग्नक-II, संलग्नक-III, संलग्नक-IV** और **संलग्नक-V** में रखा गया है।

*****

संलग्नक- I

सीसीआरएएस अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों की राज्य-वार सूची।

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संस्थान/केंद्र का नाम
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर
2.	आंध्र प्रदेश	2) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा
3.	अरुणाचल प्रदेश	3) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर।
4.	असम	4) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी
5.	बिहार	5) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना।
6.	दिल्ली	6) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।
7.	गोवा	7) खनिज और समुद्री औषधीय यौगिकों के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गोवा।
8.	गुजरात	8) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद।
9.	हिमाचल प्रदेश	9) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी
10.	जम्मू-कश्मीर	10) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू
11.	कर्नाटक	11) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु
12.	केरल	12) राष्ट्रीय पंचकर्म आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी
		13) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम
13.	मध्य प्रदेश	14) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर
14.	महाराष्ट्र	15) राजा रामदेव आनंदीलाल पोद्दार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुंबई
		16) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर।
		17) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे।
15.	नागालैंड	18) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, दीमापुर , नागालैंड
16.	उड़ीसा	19) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर
17.	पंजाब	20) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला।
18.	राजस्थान	21) एम.एस. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर
19.	सिक्किम	22) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक
20.	तमिलनाडु	23) कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई।
		24) डॉ. अचंता लक्ष्मीपति क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई।
21.	तेलंगाना	25) राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान, हैदराबाद।
22.	त्रिपुरा	26) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र , अगरतला, त्रिपुरा।
23.	उत्तर प्रदेश	27) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी
		28) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।
24.	उत्तराखंड	29) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत।
25.	पश्चिम बंगाल	30) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता।

संलग्नक-II

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए सीसीआरएएस द्वारा अन्य देशों/विदेशी संस्थानों के साथ हस्ताक्षरित समझौतों का विवरण

क्र.सं.	करार/समझौता ज्ञापन/आशय पत्र का नाम	करार/समझौता ज्ञापन/ आशय पत्र का उद्देश्य	देसी/विदेसी विश्वविद्यालय/ संस्थान	हस्ताक्षर की तारीख
01	सीसीआरएएस, रोमानियाई चिकित्सा सोसायटी और सूरज आयुर्वेद क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर पुणे के बीच आयुर्वेद और सिद्ध के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान में सहयोग पर समझौता।	अनुसंधान परियोजनाओं को क्रियान्वित करना	रोमानिया	25.02.2010
02	केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और सामाजिक चिकित्सा, महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र संस्थान, चैरिटे यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर, बर्लिन जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन।	आयुर्वेद में अनुसंधान करने के उद्देश्य से सहयोग स्थापित करना	जर्मनी	27.02.2010
03	केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय और वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय, त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच आयुर्वेद पीठ की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	त्रिनिदाद और टोबैगो	06.01.2012
04	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना पर आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और देब्रेसेन विश्वविद्यालय, हंगरी के बीच समझौता ज्ञापन	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	हंगरी	07.01.2014
05	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना पर भारत गणराज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और थाईलैंड के रंगसित विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन।	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	थाईलैंड	29.06.2015
6	पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान केंद्र (एनसीएनपीआर) की ओर से मिसिसिपी	पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग	संयुक्त राज्य अमेरिका	12.10.2015

	विश्वविद्यालय, यूएसए और आयुष मंत्रालय की ओर से केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम), केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद (सीसीआरएस), केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन) के बीच समझौता ज्ञापन।			
07	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना पर आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद और उदयना विश्वविद्यालय, बाली के बीच समझौता ज्ञापन	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	इंडोनेशिया	04.11.2015
08	आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग पर भारतीय गणराज्य के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद और रूस के पीपुल्स फ्रेंडशिप यूनिवर्सिटी के बीच समझौता।	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	रूस	24.12.2015
09	आयुर्वेद के लिए विजिटिंग प्रोफेसर के लिए अनुदान पर आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और प्रिमोर्स्का विश्वविद्यालय (यूनिवर्सि ना प्रिमोर्स्केम यूनिवर्सिटा डेल लिटोरले), स्लोवेनिया के बीच समझौता ज्ञापन।	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	स्लोवेनिया	10.03.2016
10	आयुर्वेद में एक "शैक्षणिक पीठ" की स्थापना पर केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और लातविया विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	लातविया	19.08.2016
11	केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार और ग्रैन रोसारियो विश्वविद्यालय और फाउंडेशन डी सालुड आयुर्वेद प्रेमा अर्जेन्टाइना की सरकार के बीच आयुर्वेद में एक "शैक्षणिक पीठ" की स्थापना पर समझौता ज्ञापन	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	अर्जेंटीना	30.11.2016
12	आयुर्वेदिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में सहयोग के लिए केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस),	पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग	इजराइल	30.11.2016

	आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार और तेल अवीव सोरास्की मेडिकल सेंटर (टीएएसएमसी) के मेडिकल रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हेल्थ सर्विसेज फंड के बीच समझौता ज्ञापन			
13	सभी अनुसंधान परिषदों की ओर से केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग और नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी), भारत सरकार नई दिल्ली में, सीसीआरएएस और अल्बर्टा यूनिवर्सिटी के गवर्नर्स के बीच समझौता ज्ञापन, जिसका प्रतिनिधित्व एडमोंटन, अल्बर्टा, कनाडा में स्थित इंटीग्रेटिव हेल्थ इंस्टीट्यूट द्वारा किया जाता है।	आयुर्वेद पीठ सहित विभिन्न गतिविधियों पर सहयोग पर सामान्य समझौता ज्ञापन	कनाडा	05.12.2016
14	आयुर्वेद में एक अकादमिक पीठ की स्थापना पर आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य सरकार के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और मलेशिया के यूनिवर्सिटी तुन्कु अब्दुल रहमान (यूटीएआर) के बीच समझौता ज्ञापन।	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	मलेशिया	01.04.2017
15	केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, (सीसीआरएएस) आयुष मंत्रालय भारत गणराज्य की सरकार और देब्रेसेन विश्वविद्यालय, हंगरी (यूडी) के बीच यूरोपीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान (ईआईएएस) की स्थापना के आशय पर समझौता ज्ञापन	यूरोपीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान (ईआईएएस) की स्थापना	हंगरी	01.10.2017
16	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना के लिए केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और मॉरीशस विश्वविद्यालय, शिक्षा और मानव संसाधन मंत्रालय, तृतीयक शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान, मॉरीशस के बीच समझौता ज्ञापन।	आयुर्वेद में अकादमिक पीठ की स्थापना	मॉरीशस	12.03.2018
17	आयुर्वेद में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर आयुष मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और न्यूरोलॉजी और पूरक चिकित्सा विभाग,	आयुर्वेद में आयुर्वेद और शिक्षा	जर्मनी	03.04.2019

	लूथरन अस्पताल, हैटिंगेन, जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन।			
18	भारत गणराज्य के आयुष मंत्रालय के सीसीआरएएस, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और कैंसर कॉम्प्लिमेंट्री एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन ऑफिस (ओसीसीएएम), राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, एनआईएच, डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज़, यूएसए सरकार के बीच आशय पत्र। 27.10.2020 को हुई तीसरी इंडिया-यूएस मंत्रालयीन चर्चा के दौरान आशय पत्र की घोषणा की गई।	आयुर्वेद और कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए	यूएसए	22.10.2020
19	कोविड-19 से निपटने के लिए जन स्वास्थ्य प्रणाली में आयुष पद्धति के एकीकरण का आकलन नामक आयुष-डब्ल्यूएचओ-पीएचएफआई सहयोगात्मक परियोजना के लिए सीसीआरएएस और पीएचएफआई के बीच समझौता ज्ञापन।	कोविड-19 से निपटने के लिए जन स्वास्थ्य पद्धति में आयुष पद्धति के एकीकरण का आकलन।	डबल्यूएचओ	01.4.2021
20	केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) और यूनिवर्सिडाड ऑटोनोमा डी नुएवो लियोन, मेक्सिको के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।	पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए तथा आयुर्वेद में एक अकादमिक पीठ की स्थापना करना। यह पीठ मेक्सिको के यूनिवर्सिडाड ऑटोनोमा डी न्यूवो लियोन के स्कूल ऑफ मेडिसिन के तहत काम करेगी।	मेक्सिको	19.04.2022

संलग्नक- III

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) के विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौते

क्रम सं.	परियोजना का शीर्षक	एजेंसी
अंतर्राष्ट्रीय		
1	आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग- शोधकर्ताओं का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और लाभकारी उपयोगों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक प्रमाण तैयार करना आदि।	फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव हेल्थ केयर। (जामनगर में हुए आयुष शिखर सम्मेलन के मौके पर माननीय प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षरित किया गया)
2	आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग - सुरक्षा और लाभकारी उपयोगों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों का सृजन करने वाले शोधकर्ताओं का आदान-प्रदान।	थाईलैंड किंगडम के लोक स्वास्थ्य मंत्रालय का थाई पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा विभाग

संलग्नक- IV

एआईआईए के मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों की सूची

क्र. सं.	समझौता ज्ञापन भागीदार
1	कॉलेज ऑफ मेडिसिन, यूके
2	लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम), यूके
3	यूरोपियन एकेडमी ऑफ आयुर्वेद, बिरस्टीन, जर्मनी
4	ग्राज़ मेडिकल यूनिवर्सिटी, ग्राज़, ऑस्ट्रिया
5	स्पॉल्डिंग रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन, यूएसए
6	एआईआईए का फ्यूचर विजन इंस्टीट्यूट और फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाउलो, साओ पाउलो, ब्राजील के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन
7	एआईआईए का सीएबीएसआईएन और फ़ेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ़ रियो डी जेनेरो, ब्राज़ील के साथ त्रिपक्षीय एमओयू
8	वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
9	फ्रेंच रीयूनियन द्वीप समूह, ला रीयूनियन
10	यूनिवर्सिटास हिंदू इंडोनेशिया, बाली, इंडोनेशिया
11	फ्रैंकफर्टर इनोवेशनसेंट्रम बायोटेक्नोलॉजी जीएमबीएच और एओएमआईसीएस, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी
12	शिमाने विश्वविद्यालय, जापान
13	क्वार्नर हेल्थ टूरिज्म क्लस्टर, क्रोएशिया
14	यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क, टोरंटो, कनाडा
15	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवान्स्ड इन्डस्ट्रियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एआईएसटी), जापान
16	यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्सेज ऑफ हवाना, क्यूबा गणराज्य
17	श्री वजेरा एंड एसोशिएटेड इंस्टीट्यूशंस, उबरलैंडिया, ब्राज़ील
18	ओपन हेल्थ सिस्टम्स लेबोरेटरी, यूएसए
19	यूनिवर्सिटी ऑफ़ द फ्री स्टेट (यूएफएस), दक्षिण अफ्रीका
20	सीसीसीसीटीआईएम, चैरिटे यूनिवर्सिटी, बर्लिन, जर्मनी - 6 जनवरी 2026

सलंग्नक- V

शैक्षणिक उद्देश्य के लिए आईटीआरए के साथ सहयोग करने वाले विदेशी संस्थानों का विवरण

क्रम संख्या	**विदेशी संस्थान का नाम**
1	राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान, पेरू
2	दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, यूएसए
3	फैकुलडेड एस्कोला डे आयुर्वेद (एफएईएसडीए), ब्राज़ील
4	फाउंडेशन डी सलूद, आयुर्वेद प्रेमा, अर्जेंटीना
5	यूनिवर्सिटी टुंका अब्दुल रहमान, मलेशिया
6	एनपीओ जापान आयुर्वेद संस्थान, जापान
7	वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
8	आयुर्वास्तु-एस्कुएला क्लिनिका इंडो-अमेरिकाना डी मेडिसिना आयुर्वेदा, चिली
9	यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ एंड अलाइड साइंसेज़, जिसका प्रतिनिधित्व इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, घाना